बरेली, सोमवार
22 नवंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO. 07 : BOTTOM

भरतनाट्यम के जरिये भगवान विष्णु के दशावतारों की प्रस्तुति



रिद्धिमा में प्रस्तुति देते कलाकार • सौ.एसआरएमएस

जासं, बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को भगवान विष्णु के दशावतारों को कथक और भरतनाट्यम नृत्य कर दर्शाया गया। मत्स्य अवतार से प्रस्तुतीकरण प्रारंभ हुआ।

इसके बाद भगवान विष्णु के कूर्म अवतार को नृत्य के जरिये दर्शाया गया। इसमें श्री हरि ने समुद्र मंथन के दौरान कछुआ (कूर्म) अवतार लेकर मंदराचल पर्वत को अपनी पीठ पर उठाकर उसका आधार बने और समुद्र मंथन कराया। रिद्धिमा गुरु अंबाली प्रहराज ने भरतनाट्यम के जरिये वाराह अवतार की प्रस्तुति दी। देबज्योति ने भक्त प्रहलाद को बचाने के लिए भगवान विष्णु द्वारा लिए गए नरसिंह अवतार को दर्शाया। गुरु रियाश्री चटर्जी ने कथक कर राजा बलि के घमंड को तोड़ने के लिए वामन अवतार का मंचन किया। भरतनाट्यम के जरिये परशुराम अवतार को चित्रित किया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे।